पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## प्रदेश सरकार सभी लोगों को गुणवत्तापरक चिकित्सीय सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

## सभी जनपदों में शुक्रवार की रात 08 बजे से सोमवार सुबह 07 बजे तक साप्ताहिक बन्दी रहेगी

## जिन जिलों में 500 से अधिक ऐक्टिव केस हैं, वहां रात्रि 08 बजे से सुबह 07 बजे तक आवश्यक सेवाओं को छोड़कर शेष गतिविधियां प्रतिबन्धित रहेंगी

## सभी प्रदेशवासी पर्व व त्योहार घर पर ही मनाएं

## 01 मई से शुरू होने वाले टीकाकरण की कार्ययोजना तैयार कर ली जाए

## प्रत्येक अस्पताल में न्यूनतम 24 से 36 घण्टे का ऑक्सीजन बैकअप होना चाहिए

## सभी जनपदों में कोविड बेड की संख्या दोगुनी करने के लिए पूरी तत्परता से कार्यवाही की जाए

## स्वास्थ्य विभाग को डिस्चार्ज पॉलिसी को सहज बनाने के निर्देश दिये

## स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग यह सुनिश्चित करे कि 100 से अधिक बेड के अस्पताल अथवा संस्थान के पास स्वयं का ऑक्सीजन प्लाण्ट हो

## ऑक्सीजन कालाबाजारी न होने पाए, ऑक्सीजन टैंकर को जी0पी0एस0 से जोड़ा जाए तथा स्क्वाएड की भी व्यवस्था की जाए

## जीवनरक्षक दवाओं व रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ एन0एस0ए0 के तहत कार्रवाई की जाए

## आर0टी0पी0सी0आर0 की वर्तमान क्षमता को दोगुना करने के निर्देश

## पैरामेडिकल स्टाफ की ट्रेनिंग के कार्यक्रम को सतत जारी रखा जाए

## कोरोना के प्रति व्यापक जागरूकता अत्यन्त आवश्यक, इसके लिए प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का सार्थक उपयोग किया जाए

## प्रवासी कामगार/श्रमिकों की टेस्टिंग की व्यवस्था की जाए तथा आवश्यकतानुसार इलाज व क्वारण्टीन की व्यवस्था की जाए

## स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का कार्य युद्धस्तर पर किया जाए

## कण्टेनमेण्ट जोन के प्राविधानों को सख्ती से लागू किया जाए

## मास्क के अनिवार्य उपयोग के सम्बन्ध में प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जाए

## निगरानी समितियों से संवाद बनाकर उनसे लगातार फीडबैक प्राप्त किया जाए

## अस्पतालों एवं ऑक्सीजन उत्पादन व रीफिलिंग से जुड़ी इकाइयों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए

## जनपदों में क्वारण्टीन सेण्टर को प्रभावी ढंग से क्रियाशील रखने के निर्देश

## गेहूं क्रय केन्द्रों का संचालन पूरी क्षमता से किया जाए

**लखनऊ : 20 अप्रैल, 2021**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी लोगों को गुणवत्तापरक चिकित्सीय सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 01 मई, 2021 से 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के टीकाकरण की व्यवस्था लागू की है, जो एक प्रशंसनीय कदम है। टीकाकरण का यह नया चरण कोविड से लड़ाई में निर्णायक सिद्ध होगा। उन्होंने निर्देश दिये कि 01 मई से शुरू होने वाले टीकाकरण की कार्ययोजना तैयार कर ली जाए।

मुख्यमंत्री जी आज वर्चुअल माध्यम से आहूत एक उच्च स्तरीय बैठक में कोविड–19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अस्पताल में न्यूनतम 24 से 36 घण्टे का ऑक्सीजन बैकअप होना चाहिए। कोविड–19 के प्रसार को देखते हुए सभी जनपदों में कोविड बेड की संख्या दोगुनी करने के लिए पूरी तत्परता से कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग कोविड अस्पतालों में आई0सी0यू0 तथा आइसोलेशन बेड के जनपदवार डाटा तैयार कर लें, जिससे कोरोना मरीजों को त्वरित उपचार पूरी सहजता से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि लखनऊ व प्रयागराज में मरीजों की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रयागराज में स्वरूप रानी व युनाइटेड मेडिकल कॉलेज सहित अन्य सभी चिकित्सकीय संस्थानों में बेड की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोविड टीकाकरण की दो डोज ले चुके संक्रमित व्यक्ति कम समय में स्वस्थ हो जाते हैं। इसलिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को

डिस्चार्ज पॉलिसी को सहज बनाने के निर्देश दिये हैं, ताकि गम्भीर लक्षण वाले कोरोना मरीजों को बेड अविलम्ब उपलब्ध हो सकें। साथ ही सभी कोरोना मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री मुख्य चिकित्सा अधिकारी से संवाद करके सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग यह सुनिश्चित करे कि सभी मेडिकल कॉलेज एवं 100 से अधिक बेड के अस्पताल अथवा संस्थान के पास स्वयं का ऑक्सीजन प्लाण्ट हो। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन कालाबाजारी न होने पाए। ऑक्सीजन टैंकर को जी0पी0एस0 से जोड़ा जाए तथा स्क्वाएड की भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, औद्योगिक विकास, एम0एस0एम0ई0 तथा गृह विभाग आपसी समन्वय से इस कार्य को करें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जीवनरक्षक दवाओं व रेमडेसिविर इंजेक्शन की निर्बाध आपूर्ति के लिए आवश्यक है कि इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी दवाओं व इंजेक्शन की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ एन0एस0ए0 के तहत कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोरोना टेस्ट की क्षमता में विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आर0टी0पी0सी0आर0 की वर्तमान क्षमता को दोगुना करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोरोना प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक है कि फोकस टेस्टिंग की जाए। पैरामेडिकल स्टाफ की ट्रेनिंग के कार्यक्रम को सतत जारी रखा जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोरोना के प्रति व्यापक जागरूकता अत्यन्त आवश्यक है। इसके लिए प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का सार्थक उपयोग किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों से आ रहे प्रवासी कामगार/श्रमिकों की टेस्टिंग करते हुए उन्हें

आवश्यकतानुसार क्वारण्टीन एवं चिकित्सा की समुचित व्यवस्था उपलब्ध करायी जाए। गृह विभाग व परिवहन विभाग समन्वय बनाकर इस कार्य को करें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का कार्य युद्धस्तर पर किया जाए। इसके लिए फायर विभाग के वाहनों का उपयोग किया जाए। कण्टेनमेण्ट जोन के प्राविधानों को सख्ती से लागू किया जाए। मास्क के अनिवार्य उपयोग के सम्बन्ध में प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जाए। निगरानी समितियों से संवाद बनाकर उनसे फीडबैक लगातार प्राप्त किया जाए। अस्पतालों एवं ऑक्सीजन उत्पादन व रीफिलिंग से जुड़ी इकाइयों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो। औद्योगिक इकाइयों में कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए गतिविधियां संचालित की जाएं। सभी जनपदों में क्वारण्टीन सेण्टर को प्रभावी ढंग से क्रियाशील रखने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बेहतर कोविड प्रबन्धन में इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर की महत्वपूर्ण भूमिका है। लखनऊ सहित सभी जनपदों में इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर के प्रभावी संचालन पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि सेण्टर के माध्यम से बेड आवंटन की जानकारी, समय पर एम्बुलेंस की उपलब्धता आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाएं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में शुक्रवार की रात 08 बजे से सोमवार सुबह 07 बजे तक साप्ताहिक बन्दी रहेगी। इसके अतिरिक्त जिन जिलों में 500 से अधिक ऐक्टिव केस हैं, वहां रात्रि 08 बजे से सुबह 07 बजे तक आवश्यक सेवाओं को छोड़कर शेष गतिविधियां प्रतिबन्धित रहेंगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लखनऊ के के0जी0एम0यू0 तथा बलरामपुर चिकित्सालय को पूरी क्षमता के साथ डेडिकेटेड कोविड अस्पताल के तौर पर संचालित करने के निर्देश दिये। एरा, टी0एस0 मिश्रा, इण्टीग्रल, हिन्द तथा मेयो मेडिकल कॉलेज आदि को पूरी क्षमता के साथ डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल के रूप में क्रियाशील रखा जाए। इन अस्पतालों में संसाधनों की आवश्यकताओं को

प्राथमिकता पर पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि '108' एम्बुलेंस सेवा की 50 प्रतिशत एम्बुलेंस का उपयोग कोविड मरीजों के लिए किया जाए। एम्बुलेंस के रिस्पॉन्स टाइम को कम किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने सभी से अपील की है कि पर्व व त्योहार लोग घर पर ही मनाएं। उन्होंने कहा कि बहुत आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। खुले मैदान में 100 से ज्यादा लोग एकत्र न हों। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी मास्क व हैण्ड ग्लव्स का उपयोग अवश्य करें। इसके साथ ही मतदान कर्मी, पुलिसकर्मी व सभी लोग कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पालन करें।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देशित किया है कि गेहूं क्रय केन्द्रों का संचालन पूरी क्षमता से किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई दिक्कत न हो। गेहूं खरीद के दौरान कोविड प्रोटोकॉल पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने गेहूं क्रय की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त ने मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि अब तक 42 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

समीक्षा में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री श्री जय प्रताप सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारीगण वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए।

\-\-\-\-\-\-\-\-

***PN-CM-Covid-19-Review Meeting-20 April, 2021***